खंड-2

उपखंड-4

प्राचीन भारत में धर्म एवं दर्शन

(Religion and Philosophy in Ancient India)

By Manikant Singh

1. निम्नलिखित में किस वंश के शासक ने मथुरा के मांट नामक स्थान पर एक मंदिर का निर्माण कराया जिसमें स्वयं राजा की प्रतिमा स्थापित की जाती थी?

(a) सातवाहन

(b) कुषाण

(c) शक

(d) गुप्त

2. स्तूप के विषय में क्या सत्य है?

1. इसमें प्रदक्षिणा पथ होता है।
2. इसमें हर्मिका होती है।
3. इसमें गर्भगृह होता है।
4. इसमें वेदिका निर्मित की जाती है।

कूटः

(a) केवल 1 (b) केवल 1, 2 और 3

(c) केवल 1, 2 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

3. चैत्य के विषय में क्या सत्य है?

1. यह भिक्षुओं का निवास स्थल था।
2. इसके केन्द्र में एक स्तूप होता था।
3. इसे पहाड़ों को काटकर बनाया जाता था।

कूट:

(a) केवल 3
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

4. कुछ शैलकृत बौद्ध गुफाओं को चैत्य कहते हैं, जबकि अन्य को विहार। दोनों में क्या अंतर है?

(a) विहार पूजा स्थल होता है जबकि चैत्य बौद्ध भिक्षुओं का निवास स्थान है।

(b) चैत्य पूजा स्थल होता है जबकि विहार बौद्ध भिक्षुओं का निवास स्थान है।

(c) चैत्य गुफा के दूर के सिरे पर स्तूप होता है जबकि विहार गुफा पर अक्षीय कक्ष होता है।

(d) दोनों में कोई वस्तुपरक अंतर नहीं होता।

5. निम्नलिखित में किस काल में सर्वाधिक संख्या में सिक्के जारी किये गए?

(a) बुद्ध काल

(b) मौर्य काल

(c) मौर्योत्तर काल

(d) गुप्त काल